लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया

नई दिल्ली, 1 नवंबर, 2021: संसद भवन में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज परिसर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। अध्यक्ष महोदय ने संसद भवन, संसदीय ज्ञानपीठ, संसद संग्रहालय में समिति कक्षों, कार्यालयों और अन्य स्थानों के साथ ही संसद भवन परिसर में मीडिया के लिए उपलब्ध सुविधाओं और अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए इसे साफ-सुथरा बनाए रखने के सभी संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि संसद भवन परिसर हमेशा स्वच्छ रहे। श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में चल रहे वृक्षारोपण अभियान का भी निरीक्षण किया और सीपीडब्ल्यूडी को पौधों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री बिरला को संसद भवन परिसर में लागू किए जा रहे कोविड प्रोटोकॉल मानदंडों के बारे में अवगत कराया गया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि कोविड के खतरे को कम करने के मानदंडों के पालन में कोई ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।

श्री बिरला ने संसद भवन में आईटीडीसी द्वारा संचालित खानपान सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसियों को स्वच्छ, स्वास्थ्यकर और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि खानपान के लिए उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों की नियमित साफ-सफाई और फ्यूमिगेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

नए संसद भवन के निर्माण के संबंध में श्री बिरला ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण अनुकूल मानकों के अनुपालन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि निर्माण स्थल पर ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाएं।

संसद भवन परिसर में 29.10.2021 से 03.11.2021 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।